विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–14 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 14(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि ग्राम–सलेमपुर पतौरा, ब्लाक–काकोरी, जनपद–लखनऊ में नौमी लाल यादव के घर से प्राथमिक विद्यालय के पास स्थित पुलिया तक समुचित रोड व नाली की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है? | प्रश्नगत स्थल जिस कॉलोनी में स्थित है, वह कॉलोनी प्राइवेट सोसाइटी/कॉलोनाईजर द्वारा अनाधिकृत रूप से बसायी गयी है, जिसका तलपट मानचित्र लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं है। ऐसी कॉलोनियों के विकास का प्रथम दायित्व संबंधित सोसाइटी/कॉलोनाईजर का होता है, फिर भी व्यापक जनहित के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा अपने सीमित संसाधनों से प्राथमिकता निर्धारित करते हुये समय–समय पर विकास कार्य कराये जाते हैं।<br>प्रश्नगत कार्य का कराया जाना धन की उपलब्धता तथा स्थानीय निकाय के निर्णय पर निर्भर है। |
| (ख) यदि हाँ, तो कब तक उक्त स्थान पर रोड व नाली का निर्माण करायेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

(ए.के. शर्मा)
मंत्री,
नगर विकास विभाग।



Scanned with CamScanner